# T.B.C. : 2025/DA-P/II

**Serial No :** 0103

**ROLL NO.** | | | | | | | | |

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 120

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें।

1. There are **EIGHT (08)** questions printed in both English and Hindi in TWO Parts.
   **आठ** प्रश्नों को दो भागों में विभाजित किया गया है जो कि अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
2. Candidate has to attempt **SIX (06)** questions in all either in English or Hindi by choosing at least **THREE (03)** questions from each part.
   उम्मीदवार को कुल **छः** प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी में देने हैं। प्रत्येक भाग से कम से कम **तीन** प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
3. All questions carry equal marks. Each question will consist of 4 sub-parts having 5 marks and word limit will be 150 words for each sub-part.
   **सभी** प्रश्नों के समान अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उप-भाग होंगे तथा प्रत्येक उप-भाग के **5** अंक होंगे।
4. Write answers in legible handwriting. Illustrate your answers with suitable sketches, diagrams and figures, wherever considered necessary.
   सुपाठ्य लिखावट में उत्तर लिखिए। जहाँ भी आवश्यक समझा जाए, वहाँ अपने उत्तरों को उपयुक्त रेखाचित्रों, आरेखों और आँकड़ों के साथ स्पष्ट कीजिए।
5. Each part of the question must be answered in sequence and in continuation.
   प्रश्न के प्रत्येक भाग का उत्तर क्रमानुसार दिया जाए।
6. Attempts of the questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in answer book must be clearly struck off.
   प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं गया हो। खाली छोड़े गए कोई भी पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।
7. In case of bilingual papers, if there is any difference in English and Hindi version of the question, the English version shall be treated as correct and final.
   द्विभाषी पेपर के मामले में, यदि प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण में कोई अंतर है, तो अंग्रेजी संस्करण को सही और अंतिम माना जाएगा।

**IMPORTANT NOTE : ANSWER ANY THREE (03) QUESTIONS FROM EACH PART**

**महत्वपूर्ण नोट :** प्रत्येक भाग में से किन्हीं **तीन (03)** प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

SEAL



P.T.O.

**(60 Marks)**

## Part-I

## (भाग-I)

1. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) Discuss the law on the acquisition of citizenship and the changes introduced by the amendment in 2019.

नागरिकता प्राप्ति संबंधी कानून और 2019 में इसमें संशोधन द्वारा लाए गए परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए।

(*b*) What do you mean by consensus ad idem ? Why consent is an essential element of a valid contract ?

'कंसेन्सस एड आइडेम' से आपका क्या अभिप्राय है ? सम्मति वैध अनुबंध का एक अनिवार्य तत्व क्यों है ?

(*c*) What do you mean by contributory negligence ? Is contributory negligence a defence against torts of Negligence ?

अंशदायी उपेक्षा से आपका क्या मतलब है ? क्या अंशदायी उपेक्षा अपकृत्य के खिलाफ़ बचाव है ?

(*d*) To what extent is intoxication a defence against crime ? 'A' invites 'B' to his liquor party. After being heavily drunk, B suffered from insane delusions and killed A, believing him to be a wolf. Discuss his liability.

मत्तता किस हद तक अपराध के खिलाफ बचाव है ? 'क' ने 'ख' को अपनी शराब पार्टी में आमंत्रित किया। बहुत ज़्यादा नशे में होने के बाद, 'ख' को पागलपन का भ्रम हो गया और उसने 'क' को भेड़िया समझकर उसे मार डाला। 'ख' के अपराध दायित्व पर चर्चा कीजिए।

2. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) As per the Indian Penal Code, 1860, what do you mean by criminal conspiracy ? Whether an officer who approves the file, ignoring manifest financial illegalities, be charged with criminal conspiracy ?

भारतीय दंड संहिता, 1860 के अनुसार, आपराधिक षड्यंत्र से आपका क्या तात्पर्य है ? क्या किसी अधिकारी पर, जिसने स्पष्ट वित्तीय अनियमितताओं को नज़रअंदाज़ करते हुए फ़ाइल को मंजूरी दी है, आपराधिक षड्यंत्र के अंतर्गत अभियोजित किया जा सकता है ?

(*b*) Distinguish between *Secondly* and *Thirdly* of Section 300 of the Indian Penal Code, 1860 with the help of suitable illustrations and judicial decisions.
उपयुक्त दृष्टांतों और न्यायिक निर्णयों की सहायता से भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 300 (दूसरा) एवं 300 (तीसरा) के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

(*c*) Discuss the principles laid down by the judiciary to conduct the judicial review the delegated legislations in India with the help of suitable judicial decisions.

उपयुक्त न्यायिक निर्णयों की सहायता से भारत में प्रत्यायोजित विधानों का न्यायिक पुनरावलोकन करने के लिए न्यायपालिका द्वारा निर्धारित सिद्धांतों पर चर्चा कीजिए।

(*d*) What do you mean by Environmental Impact Assessment ? Explain with the help of relevant provisions of the Environment Protection Act, 1986 and judicial decisions.

पर्यावरण प्रभाव आकलन से आपका क्या अभिप्राय है ? पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रासंगिक प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों की सहायता से समझाइए।

3. Answer the following questions :
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) Briefly discuss the rule for succession of the property of a Hindu female who dies intestate as per the Hindu Succession Act, 1956. Explain your answer with suitable illustrations.

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अनुसार, बिना वसीयत के मरने वाली हिंदू महिला की संपत्ति के उत्तराधिकार के नियम की संक्षेप में चर्चा कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए।

(*b*) What is the Rule against Perpetuity ? Explain with a suitable illustration.
शाश्वतता के विरुद्ध नियम क्या है ? उपयुक्त उदाहरण देकर समझाइए।

(*c*) How to distinguish between vested and contingent interest ? Explain with a suitable illustration.

निहित और समाश्रित हित के बीच क्या अंतर है ? उपयुक्त उदाहरण देकर समझाइए।

(*d*) Discuss the conditions prescribed under the Code of Civil Procedure, 1908, under which an ex parte decree can be revoked.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत एकपक्षीय डिक्री को रद्द किये जाने सम्बन्धी शर्तों पर चर्चा कीजिए।

4. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) What is constructive *res judicata* ? A sues B for possession of certain property, alleging that it has come to his share on the partition of the joint family property. B's contention that the partition has not taken place is upheld by the court, and the suit is dismissed. Whether A's subsequent suit against B for partition of the joint family property would be barred under Section 11 ? Explain with a suitable judicial decision.

कंस्ट्रक्टिव रेस ज्यूडिकाटा क्या है ? 'क' ने 'ख' पर संपत्ति के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि संयुक्त परिवार की संपत्ति के बंटवारे में यह उसके हिस्से में आई है। 'ख' का तर्क कि बंटवारा नहीं हुआ है, न्यायालय द्वारा मान्य है, और मुकदमा खारिज कर दिया गया। क्या संयुक्त परिवार की संपत्ति के बंटवारे के लिए 'ख' के विरुद्ध 'क' का अनुवर्ती वाद धारा 11 के तहत वर्जित होगा ? उपयुक्त न्यायिक निर्णय के साथ समझाइए।

(*b*) Discuss the scope and application of Order II Rule 2 of the Code of Civil Procedure, 1908. Substantiate your answer with relevant judicial decisions.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश II नियम 2 के दायरे और प्रयोग पर चर्चा कीजिए। प्रासंगिक न्यायिक निर्णयों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

(*c*) What is apartheid ? Discuss the responsibilities of states under the Convention on Suppression and Punishment of Crime of Apartheid, 1973.

रंगभेद क्या है ? रंगभेद अपराध के दमन और दण्ड पर अभिसमय, 1973 के तहत राज्यों की जिम्मेदारियों पर चर्चा कीजिये।

(*d*) Discuss the applicability of international human rights conventions and enforceability thereof through Indian courts. Substantiate your response with judicial precedents.

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सम्मेलनों की प्रयोज्यता और भारतीय न्यायालयों के माध्यम से उनकी प्रवर्तनीयता पर चर्चा कीजिए। न्यायिक उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये।

## Part-II (60 Marks)

## (भाग-II)

5. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) Write a case comment on *Lalita Kumari* v. *State of Uttar Pradesh*, [(2013) 14 S.C.R. 713] and its impact on Section 154 of the Code of Criminal Procedure, 1973.

Police Officer receives a piece of information about medical negligence against a practising doctor. Rather than registering a First Information Report, he proceeds to conduct a preliminary inquiry. Discuss the legality of the preliminary inquiry conducted in this case.

ललिता कुमारी **बनाम** उत्तर प्रदेश राज्य, [(2013) 14 एस.सी.आर. 713] और दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 154 पर इसके प्रभाव पर एक टिप्पणी लिखिये।

एक पुलिस अधिकारी को एक प्रैक्टिसिंग डॉक्टर के खिलाफ चिकित्सा उपेक्षा के बारे में सूचना मिलती है। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय, वह प्रारंभिक जांच करने के लिए आगे बढ़ता है। इस मामले में पुलिस अधिकारी के द्वारा उठाये गए कदम की वैधता पर चर्चा कीजिए।

(*b*) A woman police officer executes the arrest of another woman in an alleged case of murder and produces her before the Judicial Magistrate First Class. While taking up the bail application, the Magistrate grants her Bail under Section 437 of the Code of Criminal Procedure, 1973. Discuss the legality of this order.

एक महिला पुलिस अधिकारी हत्या के कथित मामले में एक अन्य महिला को गिरफ्तार करती है और उसे प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करती है। जमानत आवेदन पर विचार करते हुए, मजिस्ट्रेट उसे दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 437 के तहत जमानत दे देता है। इस आदेश की वैधता पर चर्चा कीजिए।

(*c*) What is the procedure for acceptance of electronic evidence ? Explain with the help of judicial decisions.

इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य स्वीकार करने की प्रक्रिया क्या है ? न्यायिक निर्णयों की सहायता से समझाइए।

(*d*) Critically evaluate the objectives and scope of Article 2(7) of the United Nations Charter.

संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(7) के उद्देश्यों और दायरे का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

6. **Answer the following questions :**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(*a*) **Explain the methods and the role of state recognition under the international law framework. Do you think these practices are any more relevant to the present-day international order ?**

**अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत राज्य का दर्जा पाने के लिये मानदंड और राज्य मान्यता के तरीकों की व्याख्या कीजिये। क्या आपको लगता है कि ये प्रथाएँ वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रासंगिक हैं ?**

(*b*) **"The validity of law doesn't depend on its moral content, though morality can influence law." Explain the essential characteristics of law in the light of the statement and substantiate your answer with suitable illustrations.**

"कानून की वैधता इसकी नैतिक सामग्री पर निर्भर नहीं करती है, हालाँकि नैतिकता कानून को प्रभावित कर सकती है। इस कथन के सन्दर्भ में कानून की आवश्यक विशेषताओं की व्याख्या कीजिये और उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये।

(*c*) "J.S. Mill says that private property is legitimate only if it promotes the greatest happiness for the greatest number." In the light of this statement, discuss the jurisprudential concept of 'property' and its relationship with the state.

"जे.एस. मिल कहते हैं कि निजी संपत्ति तभी वैध है जब वह अधिकतम लोगों के लिए अधिकतम खुशी को बढ़ावा दे।" इस कथन के संदर्भ में, 'संपत्ति की न्यायशास्त्रीय अवधारणा और राज्य के साथ इसके संबंध पर चर्चा कीजिये।

(*d*) What is circumstantial evidence ? Discuss the essentials of the circumstantial evidence rule, which makes such evidence admissible. Substantiate your answer with judicial decisions.

परिस्थितिजन्य साक्ष्य क्या है ? परिस्थितिजन्य साक्ष्य को स्वीकार्य बनाने वाले आवश्यक तत्वों पर चर्चा कीजिये। न्यायिक निर्णयों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये।

7. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) Discuss the objectives and the scope of Section 11 of the Indian Evidence Act, 1872. Whether a plea of alibi can be admitted under Section 11 ?

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 11 के उद्देश्यों और दायरे पर चर्चा कीजिये। क्या धारा 11 के तहत 'अन्यत्र उपस्थिति' की दलील स्वीकार की जा सकती है ?

(*b*) Discuss the objectives and scope of Section 11 of the Banking Regulation Act, 1949.

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 11 के उद्देश्यों और दायरे पर चर्चा कीजिये।

(*c*) Discuss the meaning and kinds of 'endorsement' as described under the Negotiable Instruments Act, 1881.

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत वर्णित 'पृष्ठांकन' के अर्थ और प्रकारों पर चर्चा कीजिये।

(*d*) What do you mean by infringement of copyrights under the Copyright Act, 1957 ? Discuss the essentials of the concept of 'fair use' as an exception to infringement.

प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 के तहत प्रतिलिप्यधिकार के अतिलंघन से आपका क्या अभिप्राय है ? अतिलंघन के अपवाद के रूप में 'उचित उपयोग' की अवधारणा के आवश्यक तत्वों पर चर्चा कीजिये।

8. Answer the following questions :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*a*) Discuss the power of the court to interfere with and amend the arbitral award. Substantiate your answer with suitable judicial decisions.

मध्यस्थता पंचाट में हस्तक्षेप करने और उसे संशोधित करने की न्यायालय की शक्ति पर चर्चा कीजिये। न्यायिक निर्णयों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिये।

(*b*) What do you mean by 'oppression and mismanagement' as articulated through the Companies Act, 2013 ? Discuss the role and powers of the tribunal in setting the company in order through the rules of Oppression and Mismanagement.

कंपनी अधिनियम, 2013 में वर्णित 'उत्पीड़न और कुप्रबंधन' से आपका क्या अभिप्राय है ? उत्पीड़न और कुप्रबंधन के नियमों के माध्यम से कंपनी को व्यवस्थित करने में न्यायाधिकरण की भूमिका और शक्तियों पर चर्चा कीजिये।

(*c*) Discuss the power of the state government to acquire the surplus land under the Himachal Pradesh Ceiling on Land Holdings Act, 1972.

हिमाचल प्रदेश भू-जोत अधिकतम सीमा अधिनियम, 1972 के अंतर्गत अधिशेष भूमि अधिग्रहण करने की राज्य सरकार की शक्ति पर चर्चा कीजिये।

(*d*) Discuss the ground of eviction available to a landlord under the Himachal Pradesh Urban Rent Control Act, 1987.

हिमाचल प्रदेश शहरी किराया नियंत्रण अधिनियम, 1987 के तहत मकान मालिक द्वारा 'बेदखली' के लिए उपलब्ध आधार पर चर्चा कीजिये।

SPACE FOR ROUGH WORK

SEAL